nandgaon times aug-31-3.qxd 8/30/2024 11:58 PM Page 1

एनएसयूआई ने जिला पुलिस... पृष्ठ 2 | आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 31 अगस्त 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 317, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

केंद्रीय पर्यटन मंत्री की अध्यक्षता में पश्चिमी व मध्यवर्ती तथा संघ राज्य क्षेत्रों के पर्यटन मंत्रियों का सम्मेलन पणजी गोवा में सम्पन्न

केदार कश्यप सम्मेलन में शामिल हुए और राज्य की आगामी 5 वर्षों की योजनाओं से अवगत कराया, राज्य में पर्यटन के विकास के लिए केंद्र से संसाधन एवं समर्थन की मांग की

रायपुर। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में पश्चिमी और मध्यवर्ती राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के पर्यटन मंत्रियों का सम्मेलन गोवा के पणजी में आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री श्री केदार कश्यप ने भी भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के पर्यटन विकास की संभावनाओं और चुनौतियों पर चर्चा करना था। इस मौके पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने पर्यटन क्षेत्र में सुधार और नए आयाम जोड़ने के लिए विभिन्न राज्यों से सहयोग और समर्थन का आह्वान किया। पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास हेतु सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा गोवा में पश्चिमी तथा मध्यवर्ती राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र के पर्यटन मंत्रियों के सम्मेलन का आयोजन किया गया। ताकि पर्यटन क्षेत्र के लिए संकल्पना निर्माण तथा विचार-विमर्श किया जा सके और एक साझा विजन तैयार किया जा सके। इस बैठक में वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों के विकास, वैकल्पिक गंतव्यों के विकास, मार्केटिंग और संवर्धन, पर्यटन क्षेत्र में कनेक्टिविटी, स्वच्छता, व्यवसाय करने की सुविधा और सुगमता में सुधार के साथ-साथ पर्यटन में निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने संबंधी उत्कृष्ट कार्य पद्धतियों को साझा करने पर फोकस किया गया। सम्मेलन में राज्यों के प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्र, वैकल्पिक गंतव्य, मार्केटिंग और संवर्धन, व्यवसाय करने की सुगमता और निजी निवेश तथा स्वच्छता तथा पर्यटक सुरक्षा जैसे विषयों को शामिल किया गया। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री श्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास की संभावनाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन स्थलों की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की, साथ ही विकास की राह में आने वाली चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया। मंत्री श्री कश्यप ने केंद्र से समर्थन और संसाधनों की मांग की ताकि छत्तीसगढ़ को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जा सके। मंत्री श्री कश्यप ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़, प्राचीन स्मारकों, दुर्लभ वन्यप्राणियों, नक्काशीदार मंदिरों, बौद्ध स्थलों, राजमहलों, जलप्रपातों, गुफाओं और प्रागैतिहासिक काल के शैलचित्रों से परिपूर्ण राज्य है। हमारा राज्य ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के साथ गौरवशाली प्राचीन लोक संस्कृति का भी अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत

सरकार, पर्यटन मंत्रालय से भी पूरा सहयोग प्राप्त होता रहा है। हमने अनेक परियोजनाएँ केंद्रीय सहायता से विकसित की हैं। स्वदेश दर्शन में ज्ट्रायबल टूरिज्म सर्किटज् विकसित किया है। प्रशाद योजना में डोंगरगढ़ का कार्य अंतिम चरणों में है। इसके पूर्व जगदलपुर, चित्रकोट, भोरमदेव, सिरपुर, रतनपुर, मैनपाट, राजिम, मल्हार आदि स्थलों को केंद्रीय सहायता से विकसित किया है। हमने केंद्र की होमस्टे गाइडलाइन्स के आधार पर राज्य में ज्होमस्टे एंड बेड-एंड-ब्रेकफास्टज् गाइडलाइन्स तैयार कर जारी की है। इको टूरिज्म पॉलिसी, एडवेंचर गतिविधियों की गाइडलाइन्स, वाटर एक्टीविटी लाइसेंस हेतु गाइडलाइन्स बनाने की भी तैयारी चल रही है। राज्य में पर्यटन को और गति देने के लिये हमें पर्यटन मंत्रालय से नयी योजनाओं की स्वीकृति की अपेक्षाएँ हैं। स्वदेश दर्शन 2.0 में चयनित डेस्टीनेशंस बिलासपुर एवं जगदलपुर के लिये भारत सरकार के स्तर से कंसल्टेंट नियुक्त किया जाना है। प्रशाद योजना में सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ का कांसेप्ट प्लान जमा किया जा चुका है जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है। अगले प्रस्तुतिकरण के अनुसार आगे भी नयी योजनाएँ तैयार हो रही हैं जिनके प्रस्ताव जल्द ही पर्यटन मंत्रालय को भेजे जायेंगे। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि निजी सहभागिता एवं निवेश तथा छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के द्वारा निर्मित किये गए हाइवे मोटलों को संचालन एवं प्रबंधन हेतु लीज पर निजी क्षेत्र को सौंपे जाने की कार्यवाही की जा रही है। जिससे पर्यटकों को पर्यटन स्थलों के भ्रमण के दौरान राजमार्गों पर स्तरीय सुविधा उपलब्ध हो सके। स्थानीय सहभागिता, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के द्वारा चित्रकोट में वन विभाग के सहयोग से नेचर ट्रेल का विकास किया गया है। इसका संचालन स्थानीय महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है तथा पर्यटन से उनके लिये अतिरिक्त आय के स्रोत बढ़ाने एवं पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति, रहन-सहन व खानपान का अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से होमस्टे बेड एंड ब्रेकफास्ट की सुविधा भी प्रदान की जा रही है तथा हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य में इंस्टीट्युट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नॉलाजी एंड अप्लाइड न्यूट्रिशन संस्थान का संचालन किया जा रहा है।श्री कश्यप ने आगामी 5 वर्षों की राज्य की योजनाएं से अवगत कराया जिसके तहत राज्य के पाँच शक्तिपीठों को जोड़ते हुए सर्किट विकसित करना, स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत बिलासपुर एवं जगदलपुर डेस्टीनेशंस के पर्यटन स्थलों का विकास। प्रशाद योजना के तहत सूरजपुर जिले के माँ कुदरगढ़ी देवी स्थल का विकास कार्य एवं रोपवे की स्थापना शामिल है। इसी तरह नवनिर्मित राजमार्गों एवं बायपास पर पर्यटकों के लिये वेसाइड अमेनिटी विकसित करना। पर्यटन गतिविधियों में स्थानीय लोगों की सहभागिता को बढ़ावा देना। ईको टूरिज्म, एग्री टूरिज्म, रूरल टूरिज्म एवं माइस (डप्ब्म्) टूरिज्म को बढ़ावा देना। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की आवासीय इकाईयों को लीज पर निजी क्षेत्र को संचालन हेतु दिया जाना जैसी योजनाएं भी शामिल है। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री श्री सुरेश गोपी, राजस्थान की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी, गोवा के पर्यटन मंत्री श्री रोहन खाउंते, मध्यप्रदेश से मंत्री श्री धर्मेंद्र लोधी, राज्यों से आए पर्यटन मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल थे।

कृष्णजन्माष्टमी महोत्सव के समापन समारोह मे मुख्य अतिथि होगे भुपेश बघेल

राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)। कोसरिया यादव समाज के

तत्त्वाधान मे दो दिवसीय श्री कृष्णजन्माष्टमी महोत्सव के समापन समारोह दिनांक 01/09/2024 दिन रविवार को गांधी सभागृह मुनिस्पल स्कुल राजनांदगांव मे रखी गई है।इस आयोजन मे शिक्षा, कला, खेल,समाजसेवा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान कार्यक्रम, समाज वरिष्ठो का सम्मान, शोभायात्रा के प्रतिभागी झांकी का सम्मान ,समाज के 35 समुह नृत्य व 5 एकल नृत्य बच्चों की प्रस्तुति,सुरगी के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अतिथियो का सम्मान कार्यक्रम आयोजित है।कोसरिया यादव समाज के इस गरिमामय कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मान.भुपेश बघेल जी होंगे,एवं विशिष्ट अतिथि , महापौर,मान.श्री मति हेमा देशमुख जी,मान.श्री कुलबीर छाबडा जी,मान.श्री भोला राम साहू जी, मान.श्री नवाज खान जी,मान.श्री भागवत साहु जी धनेश पाटिला जी,मान श्री जितेन्द्र मुदलियार जी,मान श्री हफीज खान जी,मान.श्री विवेक वासनिक जी,मान.श्री हरिनारायण धकेता जी,मान श्री अशोक फड़नवीश जी मान.श्री रमेश राठौर जी, श्रीमति प्रज्ञा गुप्ता जी होंगे ,उसी प्रकार कार्यक्रम की अध्यक्षता मान.डॉ.अजय यादव जी,करेगे। सामाजिक विशिष्ट अतिथि मा.सुश्री कोनिका यादव जी,मान श्री मेघनाथ यादव जी, मान श्री रविन्द्र यादव जी,मान.श्री चन्द्रहास यादव जी,मान श्री चन्द्रप्रकाश जी,मान.श्री ईश्वर यादव जी मान.श्री डोम यादव जी,मान श्री मान.देवप्रसाद यादव जी,मान श्री राजेश यादव जी,मान श्री अनिल यादव जी, मान श्री अमर यादव जी,आदि होंगे।

राशन दुकान में 42 लाख की गड़बड़ी, दो संचालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज

बिलासपुर। जिले के सरकंडा क्षेत्र अंतर्गत सरकारी राशन दुकान में 42 लाख रुपये की गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है। जिसके बाद उक्त मामले में दो दुकान संचालकों के खिलाफ अपराध दर्ज कराई गई है। बतादे कि कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश के बाद खाद्य विभाग ने जांच करते हुए कार्रवाई की, सरकंडा पुलिस ने हेराफेरी करने वाले दोनों दुकान संचालकों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इधर सरकारी राशन दुकान में हुए गड़बड़ियों को लेकर कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने सख्त कार्रवाई करने का आदेश जारी किया जिसके बाद खाद्य निरीक्षकों ने मुक्तिधाम चौक सरकंडा में संचालित राशन दुकान की जांच की, इस दौरान अजय मिश्रा द्वारा संचालित राशन दुकान आईडी क्रमांक 401001070 में गड़बड़ी मिली इसके साथ ही शासकीय उचित मूल्य दुकान बजरंग प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार, सरकंडा आई.डी. क. 401001083 के संचालक कैलाशनाथ मिश्रा के दुकान में भी गड़बड़ी पाई गई थी।

शास.उच्च.माध्य.शाला खुज्जी के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बने उत्तमचंद नाहटा

खुज्जी(नांदगांव टाइम्स) । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य उत्तमचंद नाहटा को शास.उच्च.माध्य.शाला खुज्जी के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का अध्यक्ष मनोनित किया गया है। विगत 13 अगस्त को प्रभारी मंत्री के द्वारा जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के अध्यक्षों की सूची जारी की गई थी। सूची प्राप्त होते ही श्री नाहटा को शाला में आमंत्रित कर उनका औपचारिक स्वागत किया गया।दिनांक 29.08.24 को उनकी अध्यक्षता में समिति की प्रथम बैठक आयोजित हुई जिसमे अध्यक्ष की अनुशंसा पर अन्य सदस्यों का मनोनयन कर समिति के गठन को अन्तिम रूप दिया गया। समिति में स्त्र्न संवर्ग से पूर्व सरपंच श्रीमती पुष्पा मंडावी, स्ट्ट से अशोक मालेकर,अल्पसंख्यक समुदाय से नूरुद्दीन मौलवी को सदस्य मनोनित किया गया है। अन्य सदस्यों

में पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम कमरिया,मुरली प्रसाद यादव,टेकराम निषाद,शोभित राम साहू छन्नूलाल वर्मा,एवं राजीव गिरी आदि लोगों को अध्यक्ष की अनुशंसा पर समिति का सदस्य मनोनित किया गया है। प्रथम बैठक में समिति को शाला की आवश्यकताओं एवं कुछ अधूरे पड़े कार्यों से अवगत कराया गया।जिसमे 200 मीटर बाउंड्री वॉल अधूरा है। क्रूरू से निर्मित प्रयोगशाला भवन का छत जर्जर हो रहा है,प्लास्टर गिरने लगा है।सायकल स्टैंड का शेड टूट गया है तथा नए शेड की भी और आवश्यकता है। इन कार्यों के लिए हर सम्भव प्रयास करने का आश्वासन समिति ने दिया। प्रथम बैठक में समिति को शाला के अध्यापन व्यवस्था,पाठ्यक्रम,शिक्षकों के आने जाने की टाइमिंग,शाला में नलजल व्यवस्था,शौचालय एवं शाला की साफ सफाई की जानकारी दी गई।

सेवा निवृत्ति तिथि को ही समस्त स्वत्वो का भुगतान करने हेतु डीइओ से मिले छ .ग. शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि आदित्य कुमार खरे सहायक संचालक राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपा । प्रमुख बिन्दुओं मे शासन के आदेशानुसार सेवा निवृत्ति के 24माह पूर्व सेवा पुस्तिका का कोष एवं लेखा से

सत्यापन कराया जाकर सेवा निवृत्ति तिथि को ही समस्त स्वत्वो का शीघ्र भुगतान करने,सेवा निवृत शिक्षकों का पुनर्नियुक्ति आदेश अविलंब जारी करते हुए पुनर्नियुक्त भत्ता का प्रति माह भुगतान करने, संकुल शैक्षिक समन्वयक तृतीय श्रेणी पद धारी है ,जो द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी प्रधान पाठक मिडिल स्कूलों का नियम विरूध्द निरीक्षण करते है ,पर रोक लगाने , जी.पी. एफपार्ट फाइनल/अग्रिम 15दिनों के भीतर प्रदान करने, स्तरहीन,दूषित भोजन बनने एवम् मीनू के अनुसार संचालनकर्त्ता महिला समूह द्वारा शालाओं में भोजन तैयार न करने पर प्रधानपाठक को दोषी न मनाने , हाई/हायर सेकेन्डरी स्कूलों मे बीइओ /ए बीइओ को निरीक्षण न करने हेतु निर्देशित करने निवेदन किया गया। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद साहू, जिला सचिव परदेशी राम साहू, जिला कोषाध्यक्ष भेल सिंह वर्मा,प्रमुख संगठन मंत्री जब्बार कुरैशी, उपाध्यक्ष परसादी राम साहू, सह सचिव पोइत राम साहू, डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष संतोष देवागन,राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष गजाधर साहू,जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र सिंह ठाकुर, धन्नूलाल महोबिया,त्रिभुवन दुबे,रामनाथ भैसारे,मुन्नहेलाल लिल्हारे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

आयुष ग्राम बेलरगोंदी में मासिक स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं ज़िला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा पांण्डेय राजनांदगाँव के कुशल मार्गदर्शन में

एकदिवसीय नि:शुल्क मासिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर आयुष ग्राम शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में दिनांक 30/08/2024 को आयोजन किया गया । शिविर का शुभारंभ ग्राम के जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा सोनबोईर , सरपंच श्रीमती रमशिला सोनबोईर , श्री संतोष सोनी, श्री भागवत राम टांडेकर, श्री शंभू साहू, श्री अमर सिंह, श्री धीरपाल कंवर, श्रीमती तुलसा बाई (स्व सहायता समूह), श्रीमती जानकी बाई मितानीन, श्रीमती उमाबाई मितानीन श्रीमती पुनिया बाई, श्रीमती साब्दिया बाई, विरेन्द्र सोनी, शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, श्री देवदास साहू (फार्मासिस्ट आयुर्वेद), श्री शंकर लाल कंवर (पी .टी. एस.), श्री छगन राम वर्मा (योग प्रशिक्षक), एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया। एवं वर्षा ऋतु में होने वाले बीमारियों के बारे में विशेष चर्चा कर ध्यान रखने को कहा गया। इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध कुमार पटेल (नोडल अधिकारी ,श्री देवदास साहू , श्री शंकर लाल कंवर, योग प्रशिक्षक श्री छगन राम वर्मा ,इत्यादि ने अपने इत्यादि ने अपनी सेवाए दी ।

डीजे साऊंड के तेज धमाधम से गोंदिया में समाचार पत्र विक्रेता सुमित पांडे की मौत..

चंद पलों में असहनीय ध्वनि प्रदूषण के चलते दम तोड़ा..

हृदय विदारक शोकाकुल माहौल में किया गया अंतिम संस्कार..

गोदिंया(नांदगांव टाइम्स)। अनेक मर्तबा शासन एवं प्रशासन द्वारा चेतावनी एवं समझाईश के साथ कार्यवाही भी की जाती है, लेकिन डीजे साऊंड की धमाधम के 7 दीवानों पर इसका कोई असर नहीं होता, और इसका परिणाम कई मर्तबा बड़ा ही दुखदायक बन जाता है। ऐसा ही गोंदिया शहर में 28 अगस्त की रात को हुआ, जब गोंदिया शहर के कृष्णपुरा वार्ड निवासी नवभारत समाचार पत्र के अधिकृत एजेंट सुमित पांडे अपने घर में थे, तभी घर के बाहर से दही हांडी के जश्न में दीवाने अपने मद में चूर थे, डीजे की धमाधम शुरु थी, और अचानक इस डीजे साऊंड की तीव्रता सुमित पांडे के लिये असहनीय हुई, और इसका परिणाम यह हुआ कि सुमित पांडे के हृदय की धमनियां अत्यधिक तेज हो गई, और उन्हें घबराहट होने लगी। साथ में मौजूद पत्नी एवं बच्चों ने जोर जोर से आवाज लगाकर लोगों को बुलाने का प्रयास किया, और हाथ जोड़कर साऊंड बंद करने का निवेदन किया, लेकिन कोई इस बात को समझ नहीं पाया। हांलांकि पड़ोसी जब पहुंचे, तो इस स्थिति में सुमित पांडे बेसुध हो चुके थे, और जबकि उन्हें 7 जांच के लिये डॉ. बाहेकर के हॉस्पिटल ले जाया ? गया, लेकिन उन्हें हॉस्पिटल में मृत घोषित कर दिया गया।गौरतलब है

कि सुमित पांडे अपने पिता की एकमाल संतान थे। घर में बूढ़ी मां और पत्नी के अलावा दो छोटे बच्चों का लालन पालन भी सुमित पांडे के कांधों पर था। समाचार पत्र वितरक का पुश्तैनी दादा एवं पिता द्वारा संचालित कार्य को संभालने के लिये सुमित पांडे ने इंजीनियरिंग के उपरांत जॉब छोड़कर गोंदिया वापसी की थी। असीम चाहतों को मन में लिये सुमित पांडे निरंतर समाचार पत्र वितरक के रुप में कड़ी मेहनत कर रहे थे, साथ ही चूंकि समाज और क्षेत्र के लिये भी कुछ करने की चाहतें सुमित पांडे के मन में विद्यमान थी, जिसके चलते सुमित पांडे ने लोकसभा एवं विधानसभा का निर्दलीय चुनाव भी लड़ा, और एक पहचान स्थापित करते हुए सुमित पांडे जीवन पथ पर संघर्षरत थे ही कि अचानक एक पैसा पल आया जिससे की उनके प्राण पखेरु उड़ गए, और सुमित पांडे अपनी बूढ़ी मां एवं पत्नी व दो छोटे बच्चों को दुनिया से छोड़कर विदा हो लिये। अचानक हंसते खेलते परिवार में सुमित पांडे की मौत से मातम छा गया। परिवार में बहन, जीजा एवं सभी रिश्तेदार दुखी हो गए, और दिल पर पत्थर रखकर सुमित पांडे का 29 अगस्त को स्थानीय मोक्षधाम में हृदय विदारक माहौल में सुमित पांडे के 9 वर्षीय पुत्र ने पिता को मुखाग्नी देकर अंतिम विदाई दी। जब सुमित पांडे की पार्थिव देह को श्मशाम घाट की ओर लेकर जाया जाने लगा तब ना सिर्फ परिवारजनों बल्कि पड़ोसीयों और उपस्थित हर किसी की आंखे नम थी।

कब रुकेगा ध्वनि प्रदूषण का यह प्राणघातक दीवानापन..

गौरतलब है कि 41 वर्षीय सुमित पांडे का निधन होने के मामले में पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि जब दही हांडी की डीजे साऊंड की ध्वनि धम धम कर बज रही थी, तब आस पास की बिल्डिंगों में भी कंपन हो रहा था। लेकिन ऐसी स्थितियों से बेपरवाह डीजे साऊंड संचालक भी अधिक शोर में डीजे साऊं बजाने पर आमादा था, जो कि सुमित पांडे की शारीरिक प्रकृति के लिये असहनिय हो गया, और पैसा हृदयघात हुआ कि सुमित पांडे को संभलने का मौका भी नहीं मिला। अब इस मामले में सवाल यह उठता है कि अनेक मर्तबा इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं कि जब साऊंड सिस्टम का धम धम कई मामलों में जानलेवा साबित हो चुका है। प्रशासन द्वारा साऊंड सिस्टम संचालकों को चेतावनी देने के साथ ही उन पर मामले दर्ज भी किये गए हैं, लेकिन फिर भी दीवानों का जोशीला तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है, और माना जा सकता है कि निश्चित ही इस तरह के प्राणघातक साऊंड के कारण ही सुमित पांडे के देहावसान का घटनाक्रम भी घट ही गया। इस मामले में अब देखना होगा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन इस मामले में जांच और कार्यवाही को किस तरह से आगे बढ़ाने का कार्य करता है।

कई वर्षों से विद्यालयों में दिया जा रहा नैतिक शिक्षा पर निःशुल्क व्याख्यान

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा द्वारा विगत कई वर्षों से विद्यालयों में नैतिक शिक्षा पर निःशुल्क व्याख्यान दिया जा रहा है इसी क्रम में हाई स्कूल रामपुर डोंगरगढ़ में छात्रों को शारीरिक बल के साथ-साथ बुध्दिबल बढ़ाने के टिप्स बताते हुए विद्यार्थी जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। नियमित योग व्यायाम के साथ-साथ ध्यान करने के लिए भी प्रेरित किया गया।जीवन में कभी भी नशा नहीं करने का संकल्प कराया गया। परंपराओं की तुलना में विवेक सम्मत कार्य करने कहा गया ।प्रार्थना में सबके लिए सद्बुद्धि एवं उज्जवल भविष्य की कामना करने कहा गया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। आशा ताम्रकार ने विद्यालय परिवार की ओर से आभार प्रकट किया।

कुशल प्रशिक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्कूल शिक्षा विभाग राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशन में जिले में उल्लास

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के जिले में सफल क्रियान्वयन के लिए कुशल प्रशिक्षकों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण बीआरसी भवन कौरिनभाटा राजनांदगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन व क्रियान्वयन, स्वयंसेवी शिक्षकों को संकुल स्तर एवं विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण हेतु विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तरीय प्रशिक्षण उपरांत ब्लाक स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ एवं राज्य मिशन प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई। उल्लास प्रवेशिका के सभी पाठों के संबंध में जानकारी दी गई। साक्षरता का संचालन नवाचारी गतिविधियों का प्रयोग करते हुए डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, चुनावी साक्षरता आदि विषयों की जानकारी दी गई।

विकासखंड व संकुल स्तर पर देंगे प्रशिक्षण-

प्रशिक्षण प्राप्त कुशल प्रशिक्षकों द्वारा विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त संकुल समन्वयक द्वारा संकुल स्तर पर प्रधान पाठक एवं ग्राम प्रभारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम प्रभारी द्वारा स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वयंसेवी शिक्षकों के प्रशिक्षण में ग्राम व वार्ड के सभी स्वयंसेवी शिक्षकों को सम्मिलित कराने हेतु संबंधित विकासखंड शिक्षा कार्यालय निर्देशित किया गया है।

स्वयंसेवी शिक्षकों एवं असाक्षरों का किया गया है चिन्हांकन

कार्यक्रम अंतर्गत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में असाक्षरों का चिन्हांकन एवं उन्हें पढ़ाने वाले स्वयं सेवी शिक्षकों का चिन्हांकन विकासखंड के सभी ग्राम एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डों में सर्वे कर किया गया है। असाक्षरों के चिन्हांकन के दौरान प्रति केन्द्र पढ़ाने वाले स्वयं सेवी शिक्षकों का चिन्हांकन किया गया है।

सभी के लिये शिक्षा है उल्लास

उल्लास नवभारत कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले उन सभी के लिए पढने् लिखने के अवसर उपलब्ध कराना है, जो किन्हीं कारणें से साक्षरता और संख्या ज्ञान अर्जित नहीं कर पाए। इस संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के क्रियान्वयन के लिए 01 अप्रैल 2022 से भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जिसका लोकप्रिय नाम उल्लास है, प्रारंभ किया गया है, जिसमें प्रौढ़ शिक्षा के सभी पक्ष शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता प्रदान किया जाना है। यह कार्यक्रम जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के माध्यम से जिले में क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र के अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री नितिन हिरवानी, एपीसी समग्र शिक्षा श्री प्रणिता शर्मा, श्री आदर्श वासनिक व श्री मनोज मरकाम, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री भगत सिंह ठाकुर उपस्थित थे। प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती कल्पना पटले, श्री रविंद्र सिंह ठाकुर, श्री देवेश कुमार जैन के द्वारा प्रशिक्षण में जिले के समस्त विकासखंड के कुशल प्रशिक्षकों प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कायार्लय जिला आबकारी अधिकारी, जिला-मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)

// द्वितीय निविदा//

मोहला-मानपुर-अं.चौकी, दिनांक 29/08/2024

वित्तीय वर्ष 2024-25 अर्थात 31.03.2025 तक की अवधि के लिए मोहला मानपुर- अं.चौकी जिले की कुल 04 मदिरा दुकानों में संग्रहित होने वाले खाली कार्टून (पट्ठा) क्रय किये जाने हेतु बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 09.09.2024 को समय दोपहर 02:00 बजे तक निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है एवं निविदा दिनांक 09.09.2024 को समय दोपहर 03:00 बजे तक जमा की जावेगी तथा निविदा उसी दिन दिनांक 09.09.2024 को ही सायं 04:00 बजे निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी। निविदा के नियम / शर्तें/आवेदन पत्र प्रारूप तथा संचालित देशी/विदेशी मदिरा दुकानों की सूची निविदा शुल्क रू. 2,000/- (दो हजार रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जमा कर जानकारी कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मोहला-मानपुर-अं. चौकी से प्राप्त की जा सकती है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला आबकारी अधिकारी
मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)

जी- 242502108/1

एनएसयूआई ने जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री व गृह मंत्री को गुलाब का फूल भेंट किया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव एनएसयूआई ने आज भिलाई विधायक देवेंद्र यादव जी और एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के गिरफ्तारी के विरोध में तथा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा में हुई सेंध के विरोध में राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री को राजनांदगांव एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा के नेतृत्व में गुलाब फुल और गेट वेल सून का कार्ड भेजा गया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने कहां की गत दिवस 10 जून 2024 को सतनामी समाज द्वारा बलौदाबाजार मे धरना प्रदर्शन एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय घेरा गया जिसमें आगजनी जैसे भयानक घटना घटी जिसमें आमजन सहित सरकारी संपत्तियों का भारी नुकसान देखने को मिला जहां पुलिस प्रशासन को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी थी उसके बजाय पुलिस ने निर्दोष सतनामी समाज के युवाओं और कांग्रेस से जुड़े पदाधिकारी को तथा लोकप्रिय भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा आज से दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की सुरक्षा में जो सेंध हुआ है विपक्ष के नेताओ के साथ भाजपा सरकार के सौतेले रवैया का एनएसयूआई पुरजोर विरोध करती हैं । एनएसयूआई प्रदेश सचिव नेहा वैष्णव और आदित्य वैष्णव ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की सुरक्षा में हुई सेंध के विरोध में आयोजित धरना प्रदर्शन में शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन सौंपने जा रहे एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के ऊपर विष्णुदेव साय सरकार ने बर्बरता पूर्वक लाठिया भांजी व उन्हें गंभीर रूप से घायल किया। सारे घटना क्रम भाजपा की सरकार की कांग्रेस पार्टी के प्रति नफ़रत को दर्शाती हैं। एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष उज्ज्वल निर्मलकर और जिला उपाध्यक्ष वासुदेव साहू ने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता स्वर्गीय महात्मा गांधी की विचारधाराओं को मानने वाले लोग हैं। हमारे नेता राहुल गांधी जी के मोहब्बत की दुकान वाले संदेश को लेकर चलने वाले लोग हैं इसलिए सरकार की दमनकारी नीतियों का हम एनएसयूआई गांधीवादी तरीके से विरोध कर प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को पुलिस अधीक्षक के माध्यम से गुलाब का फूल एवं गेट वेल सुन का कार्ड देकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, प्रदेश सचिव नेहा वैष्णव, आदित्य वैष्णव, विधानसभा अध्यक्ष उज्जवल निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष साहिल सागर, मोहित कोचरे, वासुदेव साहू, ब्लॉक अध्यक्ष साहिल वर्मा, जिला संयोजक अमित मेश्राम,जिला महासचिव दीपक सोनकर, जिला सचिव युगल साहू, दीनबंधु यदु, रूपम तिवारी, फ्लेस वर्मा, आदर्श शर्मा, हुलेंद्र राजपूत, विकास उइके, हिमांशु सोनटिया, हैरी जैन, सानू, लोमश, एवम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

साहू सदन में तीजा महोत्सव 1 सितंबर को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर जिले में हरतालिका उत्सव को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ी पर्व परंपरा के अनुरूप इस अवसर पर जगह-जगह विविध धार्मिक सामाजिक और बौद्धिक आयोजन होंगे। इसी कड़ी में साहू सदन में तीजा महोत्सव 1 सितंबर दिन रविवार को मनाया जाएगा। जिला साहू संघ तहसील साहू संघ नगर साहू संघ एवं नगर साहू संघ के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा महिला सम्मेलन आयोजित करके मनाए जाने वाले हरतालिका उत्सव महोत्सव में आमंत्रित अतिथिगण में मुख्य अतिथि - श्रीमती मोहन कुमारी साहू (उपाध्यक्ष-छ.ग.प्रदेश साहू संघ), विशिष्ट अतिथि - श्रीमती शीलू शालू साहू (संयोजिका महिला प्रकोष्ठ-छ.ग. प्रदेश साहू संघ, अध्यक्षता श्रीमती अंजनी साहू (सह अंकेक्षक-छ.ग. प्रदेश साहू संघ एवं सहप्रभारी जिला राजनांदगांव), विशेष अतिथि - श्रीमती भारती साहू (संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, दुर्ग संभाग) श्रीमती तरूणा साहू (निरीक्षक, आर.पी.एफ राजनांदगांव) होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार से है प्रातः 10 बजे से माँ कर्मा की पूजा अर्चना एवं ध्वजारोहण, प्रातः 11 बजे श्री भागवत साहू (अध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव) श्री कुलेश्वर साहू (अध्यक्ष, नगर साहू संघ, राजनांदगांव) श्रीमती अंजू साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू संघ, राजनांदगांव) श्रीमती नीरा साहू (उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव) श्री शैलेन्द्र साहू (उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव) श्री नीलमणी साहू (महामंत्री, जिला साहू संघ राजनांदगांव) श्री नोबल साहू (कोषाध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव) द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ जिसमें रस्सा कसी, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, शंखली, कबड्डी, मेहंदी, गोली चम्मच, रंगोली, प्रश्नोत्तरी एवं त्वरित खेल, नृत्य, संगीत आदि शामिल है। दोपहर 1 बजे अतिथि स्वागत सत्कार, उद्बोधन एवं सम्मान समारोह किया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से श्रीमती तिजेश्वरी साहू संयोजिका जिला महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती केसरी साहू संयोजिका तहसील महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती मुनेश्वरी साहू संयोजिका नगर महिला प्रकोष्ठ सहित जिला, तहसील एवं नगर साहू महिला प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेगें।

खेल दिवस मनाया गया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा खेल दिवस मनाया गया। प्रारंभ में माँ सरस्वती तथा ध्यानचंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ ही कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस आयोजन के मुख्य अतिथि श्री के राजेश्वर राव, एन.आई.एस. कोच बास्केटबाल, कार्यक्रम की अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. दिनेश नामदेव संचालक शारीरिक शिक्षा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग तथा श्री परेश वर्मा क्रीड़ा अधिकारी शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव थे। कार्यक्रम प्रारंभ में डॉ.शैलेन्द्र सिंह द्वारा खेल दिवस की शुरूआत तथा उसके इतिहास की जानकारी प्रदान की गई तथा मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर ने कहा कि ऐसे महान विभूति की जन्म दिवस को खेल दिवस के रूप में मनाने का हमें अवसर प्राप्त हो रहा है। ये हमारे लिए गौरव की बात है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री परेश वर्मा द्वारा खेल दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की गई। श्री दिनेश नामदेव ने कहा कि स्वस्थ मन तथा स्वस्थ तन हमारे जीवन के लिए उपयोगी है। खेलों को हमें अपने जीवन अंग बनाना चाहिए। नियमित व्यायाम तथा सही दिनचर्या से हम स्वस्थ रहते हैं, जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। मुख्य अतिथि श्री राजेश्वर राव ने सभी खिलाड़ियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली खेल सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा कहा कि खेलों को भी आप अपने जीवन को नौकरी से भी जोड़ सकते हैं। वर्तमान में सरकार द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सरकारी नौकरी प्रदान करने की पहल की जा रही है, जो काफी अच्छी बात है। अतः योग एवं खेलों को भी अपने रोजगार का माध्यम बना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्रीड़ा अधिकारी श्री अरूण चैधरी ने आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा कहा कि हमें अपने जीवन में ध्यानचंद की उपलब्धियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ.एस.के.उके द्वारा किया गया।

राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता अछोली में आज

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम अछोली में अंजनीसुत संगठन एवं समस्त ग्रामवासी के साहियोग से राज्य स्तरीय एक दिवासीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पुराना अछोली के गोकुल स्टेडियम में (गौठान) में 31 अगस्त दिन शनिवार को दोपहर 3:00 से किया जा रहा है जिसमें प्रथम पुरस्कार 20001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 15001 ? तृतीय पुरस्कार 10001 रुपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 7001 ? रखा गया है वही प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागीय टीम का प्रवेश शुल्क 401 रुपए रखे गए हैं, जिसमें आयोजन समिति के सदस्य नीतीश साहू योगेश हिरवानी ओम प्रकाश साहू आदि ने राज्य के खिलाड़ी बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

शुभांक

4-6-8

246-2 280-0

भाग्यांक

133-7 140-5

कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

// नामांतरण प्रकाशन सूचना//

क्रमांक.825/रा.नामा/न.प./ 2024-25 डोंगरगांव दिनांक 30.08.2024

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

कर निर्धारण के स्वामित्व खाते(कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये

क्रं.	वार्ड क्रमांक	वार्ड का नाम	भवन/डिमांड क्रमांक	रकबा/खसरा क्रमांक	भूमि / भवन	वर्तमान मकान/भूमि स्वामी (हस्तांतरण कर्त्ता का नाम)विक्रेता	आवेदक (हस्तांतरित का नाम) क्रेता	स्वामित्व अर्जन का स्वरूप
1	11	डॉ. एस. जयराम अय्यर वार्ड	11	302/24 रकबा 0. 0250 हे.	भूमि/भवन	छ.ग.शासन न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव	श्री गजानंद सोनी पिता-श्री निर्भय राम सोनी, वार्ड-11 भाठापारा डोंगरगांव	बी-1 अधिकार अभिलेख

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत डोंगरगांव

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)

राजस्व मामला क्रमांक 202408093700024
अ-6 वर्ष 2023-24

: : ईश्तहार :: -

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका छाया भट्टड ध.प. विजय भट्टड, निवासी-भवानी नगर, कौरिनभांठा रोड़, तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला आजाद चौक स्थित शीट क्रं. 48 बी, भूखण्ड क्रमांक-204/3, 204/4] ख, क्षेत्रफल 16.18 वर्गमीटर जो धारक मोहनीदेवी ध.प. रतनलाल भट्टड, निवासी-ब्राम्हणपारा, राजनांदगाँव के नाम पर दर्ज है, पर वसीयतनामा के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 16.09.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया ।

सील

नजूल अधिकारी
नजूल
जाँच,राजनांदगाँव

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)

राजस्व मामला क्रमांक 202408093700023
अ-6 वर्ष 2023-24

: : ईश्तहार :: -

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका छाया भट्टड ध.प. विजय भट्टड, निवासी-भवानी नगर, कौरिनभांठा रोड़, तहसील व जिला-राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला आजाद चौक स्थित शीट क्रमांक 48 बी, भूखण्ड क्रमांक-204/5, क्षेत्रफल 7.58 वर्गमीटर भूमि जो वर्तमान नजूल अभिलेख में अंकित नहीं है। उक्त पंजीकृत विक्रय-पत्र को आवेदिका की सास द्वारा विक्रेता प्रकाशचंद बैद आ. स्व. गुलाबचंद बैद से क्रेता मोहनीदेवी ध.प. स्व. रतनलाल जी भट्टड ने दिनाँक 20.06.2011 को विक्रय किया गया था। जिसका नामांतरण पूर्व में आदेश दिनांक 18.11.2011 को संधारण खसरा वर्ष 2008-09 में मोहनीदेवी ध.प. स्व. रतनलाल भट्टड के नाम पर दर्ज हो चुका है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि पर वसीयतनामा के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 16.09.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया ।

सील

नजूल अधिकारी
नजूल
जाँच,राजनांदगाँव

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ

// ईश्तहार //

क्रमांक/ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2024
राजनांदगांव, दिनांक 28/08/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महावीर एससेसियेट्स पार्टनर विनोद बोहरा, विकास बोहरा, राहुल बोहरा, रोशन बोहरा, सभी के पिता जेठमल बोहरा, निवासी सन् सिटी, कंचनबाग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम लखोली, पटवारी हल्का नंबर 42, खसरा नंबर 421/1 रकबा 0.3430 हेक्टेयर में से 0.0592 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र / शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा /नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 11/09/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28/08/2024को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ

// ईश्तहार //

क्रमांक/ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2024
राजनांदगांव, दिनांक 28/08/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक. रामकुमारी पति मनोज सिन्हा, (2) मनोज सिन्हा पिता रामदास सिन्हा निवासी राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कौरिनभाठा, पटवारी हल्का नंबर 38, खसरा नंबर 24/10 रकबा 0.0350 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र / शपथ पत्र/खसरा बी-1/ नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा / नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 11/09/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

-: ईश्तहार ::-

रा0मा0क्रं.....अ-6 (अ) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा समस्त मोहल्ले / ग्राम वासी ग्राम मुढ़ीपार, प0ह0नं0-18 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जिनदर्शना स्टील एंड पावर प्रा.लि. राजनांदगांव द्वारा डायरेक्टर- अभय जैन आ0 स्व. प्रकाशचंद जैन निवासी मकान नंबर ए-7 सनसिटी, कंचन बाग, शहर तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र मय ऋणपुस्तिका व बी-1 नकल, बयनामा की प्रति व अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, ग्राम मुढ़ीपार, प.ह.नं.-18 तहसील व जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि ख.नं. 34/2 34/5 34/6 35/2 36/1 36/2 36/3 36/4, 36/5, 37, 40 रकबा कमशः 0.349, 0.183, 0.183, 0.308, 0.202, 0.202, 0.202, 0.202, 0.292, 0.405, 0.749 है0 भूमि आवेदक के नाम पर ऋणपुस्तिका राजस्व अभिलेख में दर्ज व स्थित है। किन्तु ऑनलाई। अभिलेख में किसी अन्य व्यक्ति नाम मोहम्मद फारूख पिता मो हनीफनिवासी इंदिरा नगर, कैम्प 2. भिलाई 1 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग का नाम से दर्शित हो रही है। जिसकी जांच करते हुए ऑनलाईन अभिलेख दुरूस्त किये जाने किये जाने का निवेदन किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 12/09/2024 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 29/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक- 29/08/2024
सुनवाई दिनांक - 12/09/2024

सील

नायब तहसीलदार
राजनांदगांव

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ

// ईश्तहार //

क्रमांक/ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2024
राजनांदगांव, दिनांक 28/08/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक...सरिता जैन पति अमित कुमार जैन, निवासी वार्ड नं0 32, सदर बाजार, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम हरदी, पटवारी हल्का नंबर 0047, खसरा नंबर 75/13, रकबा 0.0230 हेक्टेयर के व्यवसायिक कृषि गोदाम प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/ खसरा बी-1/ नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा / नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 11/09/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

ज्ञान मंथन

1) केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में बनाये गए नए जिलों के नाम क्या है?
2) यूनीफाइड पेंशन स्कीम लागू करने वाला पहला राज्य कौन बना है?
3) हाल ही में किस योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाई गई है?
4) पृथ्वी पर दिन-रात की अवधि कहाँ समान होती है?
5) एम करूणानिधि के सम्मान में शताब्दी स्मारक सिक्का किसने जारी किया?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) जांस्कर, द्रास, शाम , नुब्रा और चांगथांग (2) महाराष्ट्र (3) धन जन योजना (4) भूमध्यरेखा (5) राजनाथ सिंह

वर्षा सोनकर, रूषाली कश्यप व खोगेश्वर बाघ शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित

राजनांदगांव । खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह 2024 अंतर्गतगत अयोजित सम्मान समारोह में हॉकी की नर्सरी राजनांदगांव शहर की उत्कृष्ठ राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाडी कु.वर्षा सोनकर, बिलासपुर की रूषाली कश्यप वहीं राजधानी रायपुर के खोगेश्वर बाघ को छत्तीसगढ सरकार द्वारा शहीद पंकज विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया गया। लगतार कई वर्षो से तीनो खिलाडी छत्तीसगढ का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में बेहतर खेल प्रदर्शन कर रही है। मध्यम वर्गीय परिवार से नाता रखने वाली वर्षा सोनकर ने अपने खेल को अपनी मेहनत और लगन से तरासा हैं। हॉकी में अपने योगदान के लिए वर्षा सोनकर राजनांदगांव शहर के लिए के लिए एक मिशाल है वहीं बिलासपुर निवासी रूषाली कश्यप भी एक मध्यम वर्गीय परिवार से नाता रखती है उन्होने अपने समय से बहुत ही संघर्ष करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगितांओ में अपना अच्छा खेल प्रदर्शन करते आज वह छत्तीसगढ

पुलिस में पदस्थ है वर्तमान में रूषाली कश्यप मोहला में पदस्थ है। पुरूष वर्ग में रायपुर के वरिष्ठ खिलाडी खोगेश्वर बाघ को भी शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। खोगेश्वर बाघ छत्तीसगढ हॉकी के लिए एक मिसाल है उन्होने अपने खेल जीवन में अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में छत्तीसगढ हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया है खोगेश्वर ने अपने खेल कैरियर की शुरूवात बडी कटिनाई एवं संधर्षपूर्ण रास्तो से तय किया है। वर्षा सोनकर,रूषाली कश्यप व खोगेश्वर बाघ को शहीद पंकज विक्रम अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज अंसारी, छत्तीसगढ हॉकी संघ के महासचिव मनीष श्रीवास्तव,जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतुबुद्धीन सोलंकी,रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर), भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, आशोक यादव, अनिल यादव, मनीष गौताम, ज्ञानचंद जैन, हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, सुश्री ऑशा थॉमस, कुमार स्वामी,दीपक यादव,आशिष सिन्हा,महेन्द्र सिंह ठाकुर,योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, विरेन्द्र सिंग भाटिया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, सचिन खोब्रागढे,विकास वैष्णव,राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, श्रीमति ममता गुप्ता,श्रीमति बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकील अहमद, अमित माथुर, खेमराज सिन्हा, अभिनव मिश्रा, संदीप यादव, कृष्णा यादव ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देकर उनके उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

महापौर ने किया मेयर इन कांऊसिल का पुर्नगठन

राजनांदगांव। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 37 के प्रावधानों के तहत मेयर

इन कांऊसिंल का पुर्नगठन कर विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य के रूप में वार्ड नं. 30 के पार्षद श्री अमीन हुद्दा को मनोनित किया है। उल्लेखनीय है कि महापौर मनोनित होने के उपरांत महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 37 के प्रावधानों के अनुरूप विधिवत मेयर इन कांऊसिल का गठन किया था। निगम अधिनियम अनुसार धारा 37 की उप धारा (3) में स्पष्ट रूप से प्रावधानित है कि मेयर इन कांऊसिल के सदस्य महापौर के प्रसाद पर्यन्त पद धारण करेंगे। उक्त नियम के तहत महापौर श्रीमती देशमुख ने मेयर इन काऊसिल का पुर्नगठन करते हुये श्री राजेश गुप्ता चम्पू प्रभारी सदस्य विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग को मेयर इन काऊसिल से पृथक कर उनके स्थान पर वार्ड नं. 30 के पार्षद श्री अमीन हुद्दा को विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य के रूप में मनोनित किया है। शेष मेयर इन काऊसिल के प्रभारी सदस्य पूर्व की भाति यथावत रहेगे। महापौर की अनुशंसा पर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने इस आशय का पत्र जारी किया है।

अतिवृष्टि से मकान क्षति होने पर एक लाख 20 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत तहसील डोंगरगढ़ में अतिवृष्टि से एक मकान पूर्णत: क्षति होने पर एक लाख 20 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

भोड़िया में साकेत द्वारा रजत जयंती मनाने संबंधी बैठक आज

राजनांदगारंव (नांदगांव टाइम्स)। साकेत साहित्य परिषद सुरगी के बैनर तले संरक्षक, वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह साहू के संयोजन में उनके निज निवास भोड़िया में 31 अगस्त शनिवार को दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक मासिक बैठक ,परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है ।परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर और सचिव राजकुमार चौधरी रौना ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में अक्टूबर माह में होने वाले साकेत के रजत जयंती समारोह के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी । बैठक में रजत जयंती साकेत स्मारिका की प्रगति के बारे में जानकारी दी जाएगी।
'गठनात्मक चर्चा के बाद परिचर्चा के अंतर्गत महान व्यंग्यकार हरि शंकर परसाई की व्यंग्य रचनाओं पर चर्चा की जाएगी। परिषद के अध्यक्ष और सचिव ने सभी साहित्यकारों से नियत समय में उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी साकेत के मीडिया प्रभारी कुलेश्वर दास साहू ने दी है।

विद्यार्थियों ने की व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि ट्रेड को यथावत रखने की मांग

राजनांदगांव(नांदगांव टाइम्स)। कृषि के विद्यार्थियों ने राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा स्वीकृत व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत कृषि ट्रेड को यथावत रखने की मांग की है। इसी मांग पर उन्होंने बुधवार दोपहर कलेक्टर संजय अग्रवाल के नाम डिप्टी कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। राज्य परियोजना कार्यालय समय शिक्षा द्वारा सत्र 2014-15 से राज्य के विभिन्न विद्यालयों में कृषि ट्रेड की पढ़ाई व्यावसायिक प्रशिक्षक के माध्यम से संचालित की जा रही है। सत्र 2023-24 में 552 वि ?द्यालयों एवं सत्र 2024-25 में 100 शासकीय वि ?द्यालयों में विभिन्न ट्रेडों के व्यावसायिक शिक्षा संचालन के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें कृषि ट्रेड को शामिल किया गया। लेकिन कार्यालय द्वारा कृषि ट्रेड के स्वीकृत पद को निरस्त कर दूसरे ट्रेड को लागू करने के लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य कार्यालय को सहमति पत्र प्रदान करने पत्राचार किया गया है। कृषि उन्नत प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा से कृषि ट्रेड का हटाया जाना सभी कृषिगत समुदाय और कृषि स्नातक तथा स्नाकोत्तर करने वाले बेरोजगार युवाओं से अन्याय होगा। एक ओर जहां केंद्र तथा राज्य सरकार उन्नत कृषि और व्यवसायीकरण पर जोर दे रही है। समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा व्यवसायिक शिक्षा से कृषि ट्रेड का हटाया जाना अनुचित है। विद्यार्थियों ने प्रदेश में कृषि एवं कृषि शिक्षा के उन्नत विकास को ध्यान में रख कृषि ट्रेड के लिए स्वीकृत पदों को यथावत रखने के लिए अनुमति प्रदान करने की मांग की है। अन्यथा विद्यार्थियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

चिकित्सालय पहुंचने वाले मरीज का तत्काल ईलाज प्रारंभ करना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज यहां जिले में संचालित जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कालेज, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, नर्सिंग होम एवं अन्य चिकित्सकीय संस्थानों के सुरक्षा की व्यवस्थाओं के संबंध में

आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने चिकित्सा से संबंधित क्लीनिक एवं अन्य चिकित्सकीय संस्थानों संचालकों से कहा कि चिकित्सकीय सेवा सबसे महत्वपूर्ण मानवीय सेवा हैं। इसकों बेहतर बनाए रखने के लिए हमें विशेष रूप से ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय संस्थानों में जब भी मरीज ईलाज के लिए आते हैं, तो उन्हें चिकित्सक तत्काल समय देकर उनका ईलाज प्रारंभ करें। उनका समय पर ईलाज सुनिश्चित करें, इससे किसी अनावश्यक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही अपनी संस्था की विश्वसनीयता को बनाए रखने का प्रयास करें। इसके अलावा संस्था में सभी प्रकार के आवश्यक सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को बनाए रखें। आवश्यकता पडने पर सीसीटीवी कैमरे के साक्ष्य काम आते हैं। इसके अलावा संस्थान के आस-पास अवांछित लोगों की भी निगरानी होती है और आवश्यकता पडने पर उन पर कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने सभी चिकित्सकीय संस्थान के संचालकों से आग्रह करते हुए कहा कि मरीजों की सेवा करना एक सम्मानीय एवं महत्वपूर्ण सेवा है, मरीजों के त्वरित ईलाज का प्रयास करें। इससे मरीजों के परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और उनके आक्रोश का भी सामना नहीं करना पड़ेगा। चिकित्सक अपने व्यवहार पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करने के साथ ही समय पर त्वरित रिस्पांस सुनिश्चित करें।

गायत्री विद्यापीठ में राष्ट्रीय खेल दिवस हर्षोल्लास पूर्ण मनाया गया

पालकों की खेलों में सहभागिता ने अद्भुत छटा बिखेरी

राजनांदगांव(नांदगांव टाइम्स)। खेल जैसे महत्पूर्ण विषय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्जलन के साथ मेजर ध्यानचंद को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर पालको एवं विद्यार्थियों के बीच विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर के स्वागत भाषण से किया गया जिसमें उन्होंने पालकों का स्वागत अभिनंदन कर सभी को खेलों का जीवन में महत्व बताते हुए कहा कि खेल से हमारी मानसिक, शारिरीकविकास के साथ-साथ सामुहिकता, एकजूटता का विकास होता है, खेल हमारे जीवन की गुणवत्ता को बएंाने के साथ-साथ हमें सकारात्मक सोच, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। सांस्कृतिक प्रभारी रूपाली गांधी द्वारा भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।

क्रीडा अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में पालकों एवं विद्यार्थियों हेतु विभिन्न मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद खेल खेले गए, जिसमें पालकों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भरपुर लाभ उठाया। उनके शानदार प्रदर्शन से तालियों की गूंज आरंभ से अंत तक सुनाई देती रही। मुख्य खेलों में रस्सी खींच, नींबू दौड़, आलू दौड़ आदि अनेक खेल रखे गए। पालकों ने आनंद विभोर होकर विद्यालय एवं विद्यालयीन व्यवस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि आज हम सबने एक बार फ़िर से अपने बचपन को जिया है। उक्त आयोजन में व्याख्याता आशीष सोनवानी एवं शिक्षक याददास साहू द्वारा शानदार वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी किया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

धर्म समाचार....

उत्तराखंड और मोहनजोदड़ो में भी हो सकती है द्वारका



माना जाता है कि मथुरा छोड़ने के बाद श्रीकृष्ण पश्चिम की ओर चले गए, जहां उन्होंने एक नया नगर बसाया था। इसे ही द्वारका के नाम से जाना गया, जो कि कालांतर में समुद्र में डूब गई थी। कुछ साल पहले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी ने द्वारका की खोज के लिए बड़ा अभियान चलाया था, जिसमें समुद्र के अंदर श्रीकृष्ण की इस नगरी के अनेक अवशेष भी मिले। वर्तमान में द्वारका गुजरात के काठियावाड इलाके में अरब सागर के द्वीप पर स्थित है। शहर में अनेक द्वार यानी दरवाजे होने के कारण इसका नाम द्वारका पड़ा था। शहर के आसपास कई लंबी दीवारें बनाई गई थीं, जो कि आज भी समुद्र के अंदर दिखाई देती हैं। द्वारका समुद्र में करीब 300 फीट की गहराई में डूबी है। हालांकि द्वारका के स्थान के संबंध में भिन्न-भिन्न मत प्रचलित हैं। जन्माष्टमी के मौके पर दैनिक भास्कर ने आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के एडिशनल डायरेक्टर जनरल डॉ. आलोक त्रिपाठी से बात की। आलोक त्रिपाठी ने ही द्वारका में समुद्र के अंदर इस नगरी का पता लगाने वाली टीम को लीड किया था। इसके अलावा हमारी टीम ने पुरातत्विक स्थलों के शोधक 'इसरो' के रिटायर्ड साइंटिस्ट डॉ. पीएस ठक्कर से भी खात बातचीत की। डॉ. ठक्कर के मुताबिक गुजरात समेत पंद्रह ऐसी जगहें हैं, जो श्रीकृष्ण की मूल

द्वारका नगरी होने का दावा कर सकती हैं। सबसे पहले हम मिलते हैं डॉ. आलोक त्रिपाठी से, जिनकी गिनती देश के शीर्ष पुरातत्वविदों में होती है। उन्होंने ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने वाली टीम का भी नेतृत्व किया था। डॉ. त्रिपाठी 1987 में एक पुरातत्वविद् के रूप में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) में शामिल हुए। उसी वर्ष एएसआई ने पानी के नीचे पुरातात्विक सर्वेक्षण करने का निर्णय लिया। इसके लिए विभाग को कुछ ऐसे युवा पुरातत्वविदों की आवश्यकता थी, जो समुद्री पुरातत्व में रुचि रखते हों। डॉ. आलोक त्रिपाठी इन मानदंडों पर खरे उतरे और उन्हें अंडरवाटर पुरातत्वविद् के रूप में चुना गया। यह वही समय था, जब द्वारका में अंडरवाटर सर्वे का काम शुरू किया गया था। डॉ. त्रिपाठी आगे कहते हैं- 1979 में समुद्र के नीचे द्वारका मंदिर के आसपास खुदाई की गई। तब एक इमारत के नीचे नौवीं शताब्दी के मंदिर का एक हिस्सा पाया गया था। भारतीय पुरातत्व विभाग के डॉ. एसआर राव ने जब वहां खुदाई की तो मिट्टी के कुछ बर्तन भी मिले थे। जांच करने पर ये बर्तन ईसा पूर्व की दूसरी सदी के थे। डॉ. एसआर राव ने भारतीय पुरातत्व विभाग से रिटायर होने के बाद भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी और सीएसआईआर के साथ मिलकर द्वारका पर एक अंडरवाटर परियोजना शुरू की। जिसमें मैं भी शामिल हुआ। मैंने अपनी पहली डुबकी द्वारका में ही लगाई थी। यह प्रोजेक्ट दो चरणों 2001 और 2005 में किया गया था। सबसे पहले हमने द्वारका पर हुए शोध कार्य का अध्ययन किया। गुजरात में कुछ अन्य स्थानों को भी द्वारका कहा जाता है। हमने इन सभी जगहों का अध्ययन किया, जिसमें मूल द्वारका, पंच द्वारका, माधवपुर, गिरनार के पास की जगहें शामिल थीं। ये सभी जगहें भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी हैं। इसके अलावा कच्छ में भी अनेक स्थानों का अध्ययन किया। वहां से प्राप्त दस्तावेजों और साहित्य में मिले स्थान की प्राचीनता के उल्लेखों का सत्यापन करने के बाद आखिरकार हमने जलमग्न द्वारका पर शोध कार्य शुरू किया।

नवंबर महीने में कब है दिवाली? नोट करें शुभ मुहूर्त, योग एवं पूजन समय

धार्मिक मत है कि कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर मां लक्ष्मी की पूजा करने से आय सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही धन संबंधी परेशानी दूर होती है। कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर लक्ष्मी गणेश जी की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही धन की देवी मां लक्ष्मी के निमित्त व्रत-उपवास रखा जाता है। सनातन धर्म में दिवाली पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व हर वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर मनाया जाता है। इस शुभ तिथि पर धन की देवी मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त पूजा संपन्न होने तक व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि कार्तिक माह की अमावस्या तिथि यानी दिवाली पर मां लक्ष्मी की पूजा करने से धन संबंधी परेशानी दूर हो जाती है। इसके साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इसके लिए दिवाली पर

भक्ति भाव से मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाती है। आइए, दिवाली की सही डेट, शुभ मुहूर्त, पूजा का समय एवं योग जानते हैं- वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह की अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को दोपहर 03 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, अमावस्या तिथि का समापन 1 नवंबर को संध्याकाल 06 बजकर 16 मिनट पर होगा। ज्योतिषियों की मानें तो 01 नवंबर को दिवाली मनाई जाएगी। दिवाली के दिन लक्ष्मी पूजन के लिए शुभ समय संध्याकाल 05 बजकर 36 मिनट से लेकर 06 बजकर 16 मिनट तक है। इस समय में धन की देवी मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा कर सकते हैं। हालांकि, अलग-अलग शहरों में पूजा के शुभ समय में अंतर हो सकता है। ज्योतिषियों की मानें तो कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर सुबह 10 बजकर 41 मिनट तक प्रीति योग का निर्माण हो रहा है। इसके बाद आयुष्मान योग का संयोग बन रहा है, जो पूर्ण रात्रि तक है। दिवाली पर शिववास योग का भी निर्माण हो रहा है। शिववास योग संध्याकाल 06 बजकर 16 मिनट से है। वहीं, स्वाति नक्षत्र का संयोग दिवाली पर बन रहा है। इन योग में धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी।

nandgaon times aug-31-3.qxd 8/30/2024 11:58 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

जंगलपुर में तीरंदाजी खिलाड़ियों ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

मात्र 6 माह की कड़ी मेहनत से 7 तीरंदाज पहुंचे राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स में, ग्राम प्रमुखों ने खेल सामग्री उपलब्ध कराने लिया संकल्प

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव द्वारा शास.उ.मा. शाला जंगलपुर के खेल मैदान में किया गया। विदित हो कि उक्त खेल मैदान में ग्राम पंचायत जंगलपुर सहित आश्रित ग्रामों के बच्चे तीरंदाजी का प्रशिक्षण विगत 6 माह से कर रहे हैं। वर्तमान में जंगलपुर में एनआईएस कोच राहुल साहू, कुशल रजक सहित सीनियर खिलाड़ी भूपेन्द्र सिन्हा तीरंदाजी खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।

तीरंदाजी कोच राहुल साहू ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव द्वारा विगत 6 माह के अथक प्रशिक्षण का परिणाम है कि ग्राम पंचायत के बच्चे ब्लॉक, जिला, संभाग में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता बनकर अब स्कूल गेम्स के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7 तीरंदाजी खिलाड़ी चयनित हुए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य डोंगरगांव मनीष साहू, अध्यक्षता सरपंच जंगलपुर घनश्याम साहू, विशिष्ट अतिथि शा.उ.मा.शाला जंगलपुर के शाला विकास समिति के अध्यक्ष चन्द्रलाल साहू सहित सरपंच बनभेड़ी कृष्णाराम साहू, पूर्व सरपंच जंगलपुर जानीवाकर साहू, दूधेलाल चंदरवंशी बनभेड़ी, भूपेन्द्र कुमार साहू जंगलपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनीष साहू ने कहा कि ग्राम के तीरंदाजी खिलाड़ी का खेल देखकर बहुत प्रभावित हुआ हूं। तीरंदाजी खिलाड़ियों के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शासन स्तर सहयोग के लिए प्रयासरत रहूंगा। विशिष्ट अतिथि सरपंच जंगलपुर घनश्याम साहू ने कहा कि ग्राम पंचायत जंगलपुर के लिए गर्व की बात है कि ग्राम के बच्चे राज्य स्तरीय स्पर्धा तक पहुंचे हैं। इनकी खेल प्रतिभा एवं गहन प्रशिक्षण को देखते हुए निश्चित ही राष्ट्रीय स्तर के खेल के लिए चयनित होने की आशा करते हैं। शाला विकास समिति के अध्यक्ष चन्द्रलाल साहू बच्चों की खेल प्रतिभा से प्रभावित होकर तत्काल 11 सौ रूपए सभी खिलाड़ियों के लिए सम्मान राशि की घोषणा की। साथ ही कहा कि शाला स्तर सहित ग्राम स्तर पर आपसी सहयोग से बच्चों के खेल प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की कमी न रहे इसका ख्याल रखेंगे। समय-समय में आवश्यकतानुसार ग्राम स्तर पर प्रोत्साहन व सहयोग प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन समय-समय पर होते रहने से ग्रामवासियों को भी तीरंदाजी खेल की जानकारी होगी। जिससे अधिक से अधिक बच्चे तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर सके। पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मान किया गया।

छग के पूर्व सीनियर मेडलिस्ट खिलाड़ियों दिया मार्गदर्शन- विदित हो कि कुछ माह पूर्व संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव की पहल पर छत्तीसगढ़ के सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर मेडलिस्ट खिलाड़ी जो कि वर्तमान में खेल प्रतिभा के दम पर अलग-अलग क्षेत्र में नौकरी करते हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं उन्हें ग्राम जंगलपुर आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने खेल की बारीकियों की जानकारी के साथ-साथ आवश्यक व्यायाम एवं तीरंदाजी शूटिंग के बारीकियों को सिखाया था।

कल व परसों डॉ. रमन सिंह शहर में

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुखिया डॉ. रमन सिंह कल 31 अगस्त को अंचल के दौरे पर आ रहे है, वे बालोद जिले में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात् राजनांदगांव पहुंचेगे फिर वे लगातार दो दिनों तक शहर के ही विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. सिंह कल रायपुर से दोपहर 02.00 बजे बालोद जिले के लिए प्रस्थान कर ग्राम कुरदी पहुंचेगे जहां वे 111 फीट के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा एवं वीर सपूत उद्यान का लोकार्पण कर राजनांदगांव के लिये प्रस्थान करेंगे। वे शाम 05.30 बजे शहर स्थित विधानसभा अध्यक्ष निवास में पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। फिर वे दूसरे दिन 1 सितंबर को दोपहर 01 बजे ग्राम भरेंगांव में आयोजित कुर्मी समाज के सम्मेलन में भाग लेंगे फिर वे दोपहर 02.30 बजे गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में यादव समाज के सम्मेलन में भाग लेकर विधानसभा अध्यक्ष निवास आयेंगे फिर वहाँ से शाम 04 बजे महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली का लोकार्पण कर रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

बुचीभरदा के बच्चों को खिलाया गया कृमिनाशक दवा - अल्बेंडाजोल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 29 अगस्त 2024 को राजनांदगांव विकासखंड के 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक दवा अल्बेंडाजोल खिलाए जाने के तहत ग्राम- बुचीभरदा में शासकीय प्राथमिक शाला के 32 एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के 15 छात्र छात्राओं को अल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाया गया। इसके साथ ही कृमि संक्रमण का सेहत पर दुष्प्रभाव, कृमि के लक्षण, कारण एवं रोकथाम के उपाय पर बच्चों को बताया ? गया। इस दौरान प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राकेश सोनी, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक चांताराम साहू, शिक्षकगण विनोद चंद्राकर, रितुराज चतुर्वेदी एवं लेमत भुआर्य उपस्थित रहे।

अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 2 सितम्बर से

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय थलसेना अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 4 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ जिले में आयोजित किया जाएगा। उप संचालक रोजगार श्री एसव्ही राजीरिया ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए 90 दिवसीय निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 2 सितम्बर 2024 से पीटीएस ग्राऊण्ड राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को 2 सितम्बर 2024 को सुबह 7.15 बजे पीटीएस ग्राऊण्ड राजनांदगांव में सभी आवश्यक दस्तावेजों व फोटो कॉपी, पासपोर्ट साईज फोटो, लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

एनबीआईएस , बोरी स्कूल में वृहद वृक्षारोपण समारोह, एक पेड़ , माँ के नाम का सफल आयोजन

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल , बोरी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत एक पेड़ , माँ के नाम का सफल आयोजन किया गया । इस आयोजन में राजनांदगाँव जिला के जिलाधिकारी श्री संजय अग्रवाल जी , जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह जी , राजनांदगाँव जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय कुमार जायसवाल जी , कान्य कुन्ज सभा के अध्यक्ष श्री प्रदीप मिश्रा जी , प्रेस क्लब राजनाँदगाँव के सम्माननीय सदस्य लक्ष्मण लोहिया जी , जीतेन्द्र सिंह जी, प्रेमप्रकाश साहू जी, परमेश्वर ठाकरे जी , सौरभ अग्रहरी जी, सुनील श्रीवास्तव जी , कुबेर जी , सी. पी. शर्मा जी , अजीत नायडू जी, संतोष शर्मा जी राजनांदगाँव के सम्माननीय नागरिकगण माननीय अजय पारिख जी केंदीय मंत्री विहिप , नंदूराम साहू जी , ओमप्रकाश अग्निहोत्री जी, प्रीतक बाजपेयी जी, प्रशांत सोनी जी, विभूति पाण्डेय जी इत्यादि एवं स्कूल के छात्रों के साथ एनबी रूप आफ स्कूल के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी जी , श्रीमती सोनल बाजपेयी जी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । इस वृहद वृक्षारोपण आयोजन में शाला परिसर में औषधियों से युक्त तथा पर्यावरण अनुरुप उचित फ्लदार , दो सौ से अधिक पौधों का रोपण किया गया । जिनको विशेष रूप से रायपुर से लाया गया था, और इन्हें सुरक्षागार्ड लगाकर उनको गर्मी के दिनों में ड्रीप एरिगेसन से पानी देने की व्यवस्था की जा रही है? वृक्ष एक जीवन दायिनी संपत्ति है जो पूर्ण जीवन हमें स्वस्थ रखने में सहायता प्रदान करती है । एक पौधा दस साल बाद एक पूर्ण पेड़ बनता है और हमारी सहायता करता है । पौधों को पेड़ बनाना ही हमारा ध्येय होना चाहिए और इसी बात के लिए संकल्पित नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया । माननीय कलेक्टर महोदय जी ने अपने उद्बोधन में कहा की यदि गर्मी से राहत पाना है तो अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित करें, जिससे हमे अत्यधिक गर्मी से होने वाली तकलीफ से छुटकारा मिलेगा एवं भविष्य में जल हम लोगो को उपलब्ध होगा । उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी द्वारा सभी सम्माननीय अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया । एनबीआईएस शाला प्रांगण के इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन में शाला परिवार तथा बच्चे उपस्थित रहें।

भाजपा नेता विकास तिवारी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विकास व शहर के जाने-माने अधिवक्ता विकास तिवारी का आज जन्मोत्सव जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा व जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, संतोष अग्रवाल की उपस्थिति में जोरदार ढंग से मनाया गया। इसके पूर्व श्री तिवारी को मॉर्निंग क्लब के सदस्यों द्वारा जन्मदिन की बधाईयां देकर उन्हें केक खिलाया था, इसके बाद श्री तिवारी का जिला भाजपा कार्यालय में गरिमामय ढंग से जन्मदिन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व श्री तिवारी की मित्रमंडली उपस्थित थी, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की उपस्थिति में केक काटा गया फिर कार्यकर्ताओं ने क्रमबद्ध होकर श्री तिवारी को बधाईयां देते रहे व उन्हे फूल-माला से लाद दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेता सावन वर्मा, लीलाधर साहू, रघुवीर वाधवा, राजेश श्यामकर, योगेशदत मिश्रा, बंटी भाटिया, दीनू गुप्ता, प्रिंस भाटिया, त्रिगुण टॉक, मनोज चौधरी, अशोक रजक, प्रदीप शर्मा, राजेश खण्डेकर, महेश वर्मा, प्रदीपमल, सोमेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टीजन उपस्थित थे।

भेड़ीकला में बच्चों को कृमि गोली खिलाई गई

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पंचायत भेड़ीकला में कृमि दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी, स्कूल के बच्चे 1 वर्ष से 19 वर्ष तक को कृमि की एक गोली खिलाया गया। कृमि दिवस पर ग्राम पंचायत भेड़ीकला के सरपंच कृष्णा साहू ने बच्चों को कृमि की एक गोली खिलाई. जिससे बच्चों में कुपोषण और खून की कमी दूर होगी और सरपंच द्वारा बच्चों को बिस्किट वितरण किया गया। सरपंच कृष्णा साहू ने बताया कि कृमि से बच्चों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.कृमि पोषक तत्वों के अवशोषण से अवरोध पैदा करते है, जिसके कारण एनीमिया, कुपोषण मानसिक एवं शरीरिक विकास मे बाधक होते हैं। इस कारण बार-बार बीमार पड़ने से शिक्षा भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि कृमि मुक्ति से रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार एनीमिया में कमी,सीखने की क्षमता एवं कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होती है.इस कार्यक्रम में सरपंच कृष्णा साहू,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका,स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लोकतंत्र के विरुद्ध काम करके भाजपा सरकार अपनी छवि खराब कर रही - नासिर जिन्दरान

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नासिर जिन्दरान ने भिलाई में कांग्रेसियों पर लाठी चार्ज और उनके खिलाफ एफआईआर किए जाने को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के मद में लोकतंत्र के विरुद्ध कार्य कर रही है। जिस तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा का ग्राफगिरा इसी तरह से आने वाले नगरी निकाय चुनाव साथ ही त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के चुनाव में उनका ग्राफ और गिरता हुआ दिखेगा। श्री जिन्दरान ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कांग्रेस की आवाज को नहीं दबा सकते। कांग्रेस आज देश की आवाज बन चुकी है। राहुल गांधी ने जिस अंदाज में लोकसभा में अपनी बातें रखी। उससे पूरी भाजपा और उसके नेता घबरा गए हैं। उन्हें जनता का रूख समझ में आने लगा है। इस वजह से आक्रोश को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। जिस प्रकार अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ प्रदेश के भिलाई शहर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दमन पूर्वक लाठीचार्ज किए जाने तथा 150 से अधिक कांग्रेस जनों के ऊपर फिर किए गए हैं। और वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफ्फिले को रोकने का प्रयास भी किया गया जो नींदनीय है। जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से अब तक लोगों के हित में कोई कार्य नहीं किया है साथ ही राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार को लेकर लोगों में असंतोष की स्थिति बन रही है। जिसे छत्तीसगढ़ राज्य की जनता देख रही है और सुन भी रही है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ राज्य से भाजपा सरकार को लोग कुर्सी से उखाड़ फेंकेंगे।

भिलाई में कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज और एफआईआर को लेकर दी प्रतिक्रिया

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com